स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेस के छात्रों ने आयोजित किया इन्जनूइटी 2022 कार्यक्रम

लखनऊ(बीएनटी संवाददाता)। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइनसेस में बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के छात्रों का दो दिन 29 अप्रैल से 30 अप्रैल 2022 तक का तकनीकी, सांस्कृतिक एवं खेल कूद कार्यक्रम इन्जनूइटी 2022 आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के निदेशक डॉ मनोज मेहरोत्रा, महानिदेशक तकनीकी डॉ भरत राज सिंह, अधिष्ठाता इंजीनियरिंग डॉ धर्मेंद्र सिंह, अधिष्ठाता मैनेजमेंट डॉ सुनील गुप्ता, प्राचार्य डिप्लोमा डॉ एसएन जरहोलिया, मुख्य महाप्रबंधक, डॉ जगदीश सिह, महाप्रबंधक, सुरेंद्र श्रीवस्तव एवं सभी विभागों के विभागाध्यक्षो की मौजूदगी में हुई। डॉ. हेमंत सिंह विभागाध्यक्ष कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग इस कार्यक्रम के संयोजक रहे। इन्जनूइटी में लखनऊ एवं उत्तर प्रदेश के लगभग बीस कॉलेज के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसका केंद्रीय बिंदु फुटबॉल बना रहा जिसमें ग्यारह कॉलेजों ने भाग लिया और क्राइस्ट यूनिवर्सिटी दिल्ली इसकी विजेता रही। टेक्निकल में एलपीसीपीएस ने मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। ड्रोन शो ने सबका आकर्षण अपनी ओर खींचा। कल्चरल में आजा नचले कार्यक्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के समापन समारोह में संस्थान के कार्यकारी अधिकारी एवं सचिव शरद सिंह ने विजेताओं को ट्रॉफी एवं पदक प्रदान किए। अधिष्ठाता इंजीनियरिंग ने छात्रों का अभिनंदन एवं मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम की सफलता में सह संयोजक सुनीत मिश्रा, फैकल्टी कोऑर्डिनेटर सुजाता सिन्हा, संजय सिंह, डॉ शोभना सिंह, डॉ श्रृंखला श्रीवास्तव, दीपक पंत, ऋषभ प्रजापति ने अपना अहम योगदान दिया। इन्जनूइटी का उद्देश्य छात्रों के सामूहिक विकास एवं बौद्धिक छमता को बढ़ाना रहा।